(व्यवधान) ··· पब्लिक आर्डर नहीं आएगा। आप ज्यादा से ज्यादा मंत्री महोदय को हाऊस की तरफ से यह कहिए कि इसके ऊपर वे विचार करे, TRAI से बात करे और यदि कानूनी अधिकार देना है तो माननीय सदस्य उस एक्ट में अमेंडमेंट मूव कर दें, उस पर विचार हो जाएगा। अब यह मामला आगे नहीं चलेगा। Next Question.

श्री लालू प्रसाद : सभापति महोदय, आपने हमको आश्वस्त किया था कि आप हमको सवाल पूछने देंगे लेकिन फिर आप आगे बढ़ गए।

श्री सभापति : आप भले आदमी हो, आप क्या टेलीफोन की बात करते हो।

श्री लालू प्रसाद : नहीं, हम तो दूसरी बात कहना चाहते हैं।

श्री सभापति : आप विश्वास करिए, जो मैंने कहा है ··· **(व्यवधान)** ···

डा. अबरार अहमद : महोदय, इधर से किसी को मौका नहीं दिया गया ··· **(व्यवधान)**

श्री सभापति : मौका सबको दिया जा रहा है, ऐसी बात नहीं है। यह गलत बात मत कहिए ··· **(व्यवधान)** आप बैठिए।

श्री लालू प्रसाद : सभापति महोदय, यह फोन एक भारी झंझट का घर है। इससे अपराधियों का चारों तरफ संपर्क कायम होता है। आप इसको बंद करिए, समाप्त करिए। पहले जो P&T का था, उसी को रखिए। इसके द्वारा सारे अपराधी मलेशिया से, थाईलैंड से मॉनीटरिंग कर रहे हैं ···**(व्यवधान)** ··· घर से फोन आता है कि कहां पर हो ? पति को बोलना पड़ता है कि हम चांदनी चौक पर पहुंच गए हैं। हटाइए इसको।

श्री सभापति : जिन पत्नियों को पतियों पर विश्वास नहीं होता, वे ऐसा काम करती हैं। अगर आप में विश्वास नहीं है तो यह हाऊस की जिम्मेदारी नहीं है ··· **(व्यवधान)**

BSNL's commercial operation in A.P.

*663. SHRI S. M. LALJAN BASHA : Will the Minister of COMMUNICATIONS AND INFORMATION TECHNOLOGY be pleased to state :

(a) whether it is a fact that BSNL has not rationalised its commercial operation in Andhra Pradesh;

(b) what is the new system for payment of bills which are delayed by a few days;

(c) whether it is a fact that customers have to travel 70 miles or more to pay bills which are delayed;

(d) whether it is also a fact that BSNL has not shown enough management skills to avoid such situations; and

(e) the steps proposed to review the existing system regarding payment of telephone bills which are over due?

THE MINISTER OF COMMUNICATIONS AND INFORMATION TECHNOLOGY AND MINISTER OF DISINVESTMENT (SHRI ARUN SHOURIE): (a) to (e) A Statement is laid on the table of the House.

Statement

(a) Rationalization of commercial operations in BSNL, particularly with a view to make them more consumer friendly is an on-going exercise.

(b) and (c) When the issue of bills is delayed for some reasons, the 'pay-by-date' is correspondingly extended. Payments of bills after 'pay-by-date' are allowed to be accepted only at cash counters of BSNL in Andhra Pradesh except in Hyderabad and Secunderabad - in these payments after 'pay-by-date' are also accepted at e-Seva centres run by the Andhra Pradesh Government up to 5 days after the 'pay-by-date'. To enhance the customer convenience recently Chief General Managers of Telecom Circles including Andhra Pradesh have been empowered to permit payment of bills up to 7 days beyond the normal 'pay-by-date' in certain designated branches of Bank/Post Office.

(d) Does not arise.

(e) The system of payment of overdue telephone bills would be reviewed again and steps would be taken to ensure that customers do not have to travel over long distances.

श्री एस. एम. लालजन बाशा : सभापति महोदय, आन्ध्र प्रदेश का मैं एक एक्जाम्पल देना चाहता हूं। ...(**व्यवधान**) ...

श्री सभापति : प्रेम गुप्ता जी, आप इसकी व्यवस्था कीजिए। इनमें विश्वास नहीं हैं आप इनकी पार्टी के मेम्बर हैं। कम से कम एक काम तो कर दीजिए जिससे कि इनकी पत्नी का इनमें विश्वास हो जाए। ... (**व्यवधान**) ...

श्री लालू प्रसाद : सभापति महोदय, मुझे न प्रेम करना आता है, न मैं रखता हूं। मैं जानता हूं कि जो आदमी रखेगा उसको निकट भविष्य में कहीं न कहीं भर्ती होना पड़ेगा।...(**व्यवधान**)...

श्री सभापति : ठीक है। आप सवाल कीजिए।

श्री एस. एम. लालजन बाशा : सर, आन्ध्र प्रदेश का मैं एक एक्जाम्पल मैने बीएसएनएल

के बारे में बताया है। उसके बारे में सवाल पूछा है। उसका आन्सर तो आपने अच्छे अंदाज में लिख दिया। बीएसएनएल की सर्विस आन्ध्र प्रदेश में है, पूरे कंट्री में है। इसकी सर्विस से लोग तंग आ गये हैं। आज लोग लाखों की तादाद में फोन भी सरेंडर कर रहे हैं। लोगों को शक हो गया है, पिछला क्वेश्चन भी इसी से संबंधित था। प्राईवेटाइजेशन करने से...।

श्री सभापति : आप क्वेश्चन करिए।

श्री एस. एम. लालजन बाशा : सर, ये उससे रिलेटिड है।

श्री सभापति : यह रिलेटिड नहीं है। आप क्वेश्चन कीजिए।

श्री एस. एम. लालजन बाशा : बीएसएनएल सभी जगह पर प्राईवेट को इनकरेज करने के लिए सर्विस सैक्टर में, बिलिंग सैक्टर में, हर एक में जानबूझकर इस तरह का काम कर रही है जिससे लोगों को परेशानी हो रही है। आन्ध्र प्रदेश सरकार हैल्पिंग नेचर से काम कर रही है। लेकिन आज बीएसएनएल ठीक से काम नहीं कर रही है। आज मंत्री जी के ऊपर लोगों को शक है। मंत्री जी को * क्योंकि ये बेचने में बहुत फास्ट हैं। ... **(व्यवधान)** ...

श्री सभापति : आप क्वेश्चन करिए। I would not allow you.

श्री एस. एम. लालजन बाशा : उसको प्राईवेट को बचने के चक्कर में हैं इसीलिए उसकी सर्विस डिले करके लोगों को परेशान कर रहे हैं। लोगों ने लाखों फोन सरेंडर कर दिए हैं। इसी का मैं मंत्री जी से जवाब चाहता हूं।

श्री अरुण शौरी : सभापति महोदय, फोन ज्यादा दिये जा रहे, Even on the competitive services or cellular service, the BSNL is outstripping others. ...**(व्यवधान)**...

श्री लालू प्रसाद : सभापति महोदय, माननीय सदस्य ने माननीय मंत्री जी को यह कहा है *शब्द को प्रोसीडिंग से निकलवा दिया जाए।

श्री सभापति : ठीक है।

श्री अरुण शौरी : सभापति महोदय, मैं लालू प्रसाद जी का बहुत आभारी हूं।

श्री सभापति : मैं लालू प्रसाद जी का बहुत आभारी हूं कि वह ऐसे शब्दों को *प्रोसीडिंग से निकालने का सुझाव दे रहे हैं। आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। मैं इसको निकाल दूंगा।...**(व्यवधान)**...

श्री अरुण शौरी : जो उन्होंने फैक्चुली ...**(व्यवधान)**...

श्री संजय निरुपम : सभापति महोदय, ये ऐसा काम ...**(व्यवधान)**...

श्री सभापति : आप डिस्टर्ब मत करिए।

---

*Expunged as ordered by the Chair.

श्री अरुण शौरी : आप यकीन रखिए कि अगर आप रेट्स वगैरह इनकरीज़ नहीं होने देंगे, उनसे काम करवाते रहेंगे, तो उनकी हालत ऐसी होगी कि उन्हें खरीदने के लिए कोई तैयार नहीं होगा। यह आप विश्वास रखिए। ...(**व्यवधान**)...On the question of BSNL, the Hon. Member has said that people are surrendering their telephones in lakhs. It is not true. As I narrated to you, फिक्स लाइन में तो सब उनकी सर्विस मांग ही रहे हैं पर सेल्युलर सर्विस में they are, already, today, the second largest provider of cellular services in the country in seven months. I am confident and they are confident that within the next three to four months, it would be the largest provider of cellular services in the country.

The second point was on the Government of Andhra Pradesh's E-Seva Scheme. It is a very good scheme on the collection and payment of bills. उसमें आलरेडी सिकंदराबाद और हैदराबाद आन्ध्र गवर्नमेंट की ''ई'' सेवा के द्वारा तकरीबन 64 थाउजेंड बिल्स और ट्रांजिक्शन्स पूरी हो गयी हैं और आन्ध्र गवर्नमेंट ने प्रपोजल भेजी है कि ''ई'' सेवा के द्वारा और डिस्ट्रिक्ट हैड क्वार्टर में बिल एक्सेप्ट किये जायें। उस पर हम जरूर काम कर रहे हैं। उसमें पाइंट आफ डिसकशन एक है। वे कहते हैं कि हमें हर बिल कलेक्शन के लिए छह रुपये दिये जायें। यह इलेक्ट्रोनिकली होगा। अब छह रुपये की दर दी जाय या नहीं दी जाए, सिर्फ इस चीज़ पर बात हो रही है। यह बहुत अच्छा सुझाव है। हम इस पर काम करेंगे।

श्री एस. एम. लालजन बाशा : सभापति महोदय, देश में तकरीबन 12 लाख पीसीओज़ हैं। इसमें से 60 थाउजेंड पीसीओज़ आन्ध्र प्रदेश में हैं। लेकिन उनको बहुत प्राब्लम्स हैं। प्राईवेट कम्पनी के पास ऐसा इन्फ्रास्ट्रक्चर नहीं है कि वे 12 लाख कस्टमर को सही सुविधा दे सकें। इन 12 लाख कस्टमर को इनकरेज करने के लिए, इनमें एम्पलायमेंट देने का सवाल नहीं है... ।

श्री सभापति : ठीक है, ठीक है। ...(**व्यवधान**)...

श्री एस. एम. लालजन बाशा : आप इन्फ्रास्ट्रक्चर को डेवलेप करने के लिए क्या कदम उठायेंगे ?

श्री सभापति : आप इसके बारे में बताइये।

श्री अरुण शौरी : सभापति महोदय, यह तो बहुत ही इम्पोर्टेंट क्वेश्चन है कि जो इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलेप हुआ है वह प्रिजर्व होना चाहिए। इसीलिए सारी इकनॉमी को स्टडी करके ये सारे डिसीजन लेने चाहिए। सर, पीसीओ. ...(**व्यवधान**)...

श्री संजय निरुपम : सभापति महोदय, पीसीओ मे सेल्युलर को फोन नहीं किया जा सकता क्योंकि पल्स रेट तीन मिनट की जगह पर साठ सेकेंड हो गया है।

श्री सभापति : वह सब बता दिया है।

श्री संजय निरुपम : लैंड लाइन से सेल्युलर पर फोन करने का धंधा खत्म हो रहा है तो कैसे पीसीओ चलेंगे ?

श्री सभापति : ठीक है, ठीक है।

श्री अरुण शौरी : सर, जो पीसीओज़ की प्राब्लम्स हैं, उनके बारे में मैं एसोसिएशन्स से भी मिल रहा हूं। अभी महाराष्ट्र से शिव सेना के रिप्रेजंटेटिव्ज़ आये थे। जो handicapped लोग पीसीओ चलाते हैं, उनके लिए we are making special packages so that their business can be sustained. इस पर मैं पूरा काम करूंगा।

श्री एस. एम. लालजन बाशा : एक कमेटी बुलाकर इस पर ...(**व्यवधान**)...

श्री सभापति : अब बीच में खड़े होकर कोई कमेटी नहीं बुला सकते। ...बैठिए। रिकार्ड मत करिए। डा० दसारी नारायण राव।

DR. DASARI NARAYANA RAO : Sir, in Andhra Pradesh, a large number of BSNL customers receive their telephone bills late. By the time they receive their bills, their phones are disconnected. When they approach the officials, they say, ''You come to the office and collect the bills.'' It is ridiculous. I would like to ask the hon. Minister, what is he going to do in this regard?

SHRI ARUN SHOURIE : Sir, I would request the hon. Member to please first understand the procedure. It is not that way. If the bills are dispatched late, then, the date, by which the bills have to be paid, is also extended correspondingly. Second point is, if the bill is not paid in time, there are four stages, before a phone is disconnected. A phone is disconnected only after the 35th day of issue of the bills. उसके बाद पहले सिर्फ outgoing calls disconnect की जाती हैं Incoming calls continue to come for another 15 days. Only outgoing call facility is disconnected first. If even after the lapse of 15 days, a customer has not paid his bill, that means, thirty-five plus fifteen, after fifty days....(*Interruptions*)....

श्री सभापति : वह तो सब रूल्स में लिखा हुआ होगा।

SHRI ARUN SHOURIE: ... Only then a phone is disconnected. And, Sir, we are certainly attending to this problem.

CBI cases

*664. SHRI SWARAJ KAUSHAL : Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) the number of CBI cases decided during the last three years;